**JALAUN POLICE**

**दिनांक – 18.08.2026**

**कोतवाली उरई पुलिस टीम द्वारा मोटरसाइकिल चोरी की घटनाओं का सफल अनावरण करते हुए 02 शातिर अंतर्राज्यीय चोरों को चोरी के 15 अदद दो-पहिया वाहन के साथ गिरफ्तार कर न्यायिक अभिरक्षा में भेजा जा रहा है।**

अपर पुलिस महानिदेशक महोदया, कानपुर जोन, कानपुर एवं पुलिस महानिरीक्षक महोदय, झांसी परिक्षेत्र, झांसी के निर्देशन में पुलिस अधीक्षक जालौन के पर्यवेक्षण तथा अपर पुलिस अधीक्षक जालौन के नेतृत्व में अपराधियों की धरपकड़ हेतु चलाये जा रहे अभियान के अन्तर्गत दिनांक 18.08.2026 को कोतवाली उरई पुलिस टीम द्वारा थाना क्षेत्र में चेकिंग के दौरान चोरी की घटना कारित करने वाले अभियुक्त आनंद पुत्र चन्द्रशेखर नि0 ग्राम महुआखेड़ा थाना समथर जनपद झांसी व मोनू यादव पुत्र रहीश नि0 राजापुर थाना रक्शा जनपद झांसी को चोरी की घटनाओं से सम्बन्धित 14 अदद मोटरसाइकिल व 01 अदद स्कूटी के साथ गिरफ्तार किया गया। बरामद मोटरसाइकिलों में 13 मोटरसाइकिलें जनपद जालौन व विभिन्न जनपदों में पंजीकृत अभियोगों से सम्बन्धित है।

गिरफ्तारी एवं बरामदगी के सम्बन्ध में कोतवाली उरई में मु0अ0सं0 481/2026 धारा 303(2)/317(2)/317(4) BNS पंजीकृत कर अभि0गणो को जेल भेजा जा रहा है।

**पूछताछ का विवरण-** पूछताछ में अभियुक्तों ने बताया कि साहब हम लोग झांसी के आसपास के जिलों दतिया, शिवपुरी, ललितपुर, हमीरपुर, जालौन जिलों से मोटरसाइकिलों की रैकी कर मास्टर चाबी से लॉक तोडकर चोरी कर लेते हैं और उन गाडियों को फैक्ट्री एरिया उरई में छिपाकर रख देते हैं। फिर उन गाडियों को 20,000-25,000/- रुपये में सौदा तय करते हैं और आधे रूपये करीब 10,000-15,000/- रुपये एडवान्स के रूप में उसी समय लेकर गाडी ग्राहक को दे देते हैं। बाकी रुपये गाडी के कागज देने के समय लेने का वायदा कर देते हैं।

**अभियुक्तों का विवरण-**

1. आनंद पुत्र चन्द्रशेखर उम्र 27 वर्ष नि0 ग्राम महुआखेड़ा थाना समथर जनपद झांसी
2. मोनू यादव पुत्र रहीश उम्र करीब 32 वर्ष नि0 राजापुर थाना रक्शा जनपद झांसी

**अभियुक्त आनंद उपरोक्त का पूर्व का आपराधिक इतिहास-**

1. मु0अ0सं0 12/18 धारा 380/411/457 भादवि थाना बडागाँव जनपद झाँसी
2. मु0अ0सं0 26/18 धारा 380/411/457 भादवि थाना बडागाँव जनपद झाँसी
3. मु0अ0सं0 40/18 धारा 380/411/457 भादवि थाना बडागाँव जनपद झाँसी
4. मु0अ0सं0 43/18 धारा 25 आर्म्स एक्ट थाना बडागाँव जनपद झाँसी

5. मु0अ0सं0 44/18 धारा 411/413 भादवि थाना बडागाँव जनपद झाँसी
6. मु0अ0सं0 109/18 धारा 2/3 गैगेस्टर एक्ट थाना बडागाँव जनपद झाँसी
7. मु0अ0सं0 38/18 धारा 380/411/413/457 भादवि थाना गुरसराय जनपद झाँसी
8. मु0अ0सं0 80/24 धारा 379/411 भादवि थाना मोठ जनपद झाँसी
9. मु0अ0सं0 499/19 धारा 379/411/413 भादवि थाना नवाबाद जनपद झाँसी
10. मु0अ0सं0 605/19 धारा 379/411/413/414 भादवि थाना नवाबाद जनपद झाँसी
11. मु0अ0सं0 01/20 धारा 2/3 गैगेस्टर एक्ट थाना नवाबाद जनपद झाँसी
12. मु0अ0सं0 23/26 धारा 8/20 NDPS एक्ट थाना नवाबाद जनपद झाँसी
13. मु0अ0सं0 37/18 धारा 380/411/457 भादवि थाना प्रेमनगर जनपद झाँसी
14. मु0अ0सं0 63/18 धारा 380/411/457 भादवि थाना प्रेमनगर जनपद झाँसी
15. मु0अ0सं0 68/18 धारा 379/411 भादवि थाना प्रेमनगर जनपद झाँसी
16. मु0अ0सं0 189/19 धारा 379/411/413/414 भादवि थाना रक्सा जनपद झाँसी
17. मु0अ0सं0 51/18 धारा 379/411 भादवि थाना सदर बाजार जनपद झाँसी
18. मु0अ0सं0 256/25 धारा 305(A)/317(2) बीएनएस थाना सीपरी बाजार जनपद झाँसी

**बरामदगी का विवरण-**

1. 14 अदद मोटर साईकिल
2. 01 अदद स्कूटी

**पुलिस टीम का विवरण-**

प्र0नि0 कोतवाली उरई मय पुलिस टीम।